आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 09.02.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड 14 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में छठें स्थान पर पहुंचा।
- नेशनल गेम्स मेडल सेरेमनी में पहली बार रोबोटिक तकनीक का प्रयोग कर विजेताओं तक पदक पहुंचाये गये।
- देहरादून में नशे की तस्करी और नकली दवाओं के अवैध कारोबार करने वालों पर बिना जांच के तुरंत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल स्कूली छात्रों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिये बातचीत करेंगे।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में जारी 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का रोमांच बढ़ा रहे हैं। हल्द्वानी, देहरादून और अन्य स्थानों पर हो रही विभिन्न स्पर्धाओं में कई राज्यों के एथलीट शानदार खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। मॉडर्न पेंटाथलॉन की लेजर रन प्रतिस्पर्धा में मेजबान उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने कल शानदार प्रदर्शन किया और पांच स्वर्ण पदक जीते। वहीं, ताइक्वांडो की पुरुष क्योर्गी अंडर 63 प्रतियोगिता में भी उत्तराखंड का प्रदर्शन जबरदस्त रहा और नितेश सिंह ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उत्तराखंड पदक तालिका में छठें स्थान पर पहुंच गया है। अन्य एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। राष्ट्रीय खेलों में आज से माउंटेन बाइकिंग जैसे रोमांचक खेलों का भी आयोजन होगा। साथ ही, टिहरी में बीच कबड्डी की शुरुआत के साथ और भी रोमांचक कार्यक्रम देखने को मिलेंगे। दूसरी ओर, हॉकी, नेटबॉल, टेबल टेनिस और टेनिस के मैच जारी रहेंगे। पदक तालिका पर नजर डालें तो सर्विसेज 42 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर है और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कर्नाटक से बारह स्वर्ण पदकों का फासला बनाये हुये है।

मौली रोबोट

38वें राष्ट्रीय खेलों में पहली बार मेडल सेरेमनी में रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। देहरादून में चल रहे खेलों में मौली रोबोट ने विजेताओं तक मेडल पहुंचाने का काम किया, जिसे देखकर दर्शक हैरान रह गए। रिमोट कंट्रोल से संचालित यह रोबोट ट्रे में मेडल लेकर खिलाड़ियों के पास पहुंचा, जहां अतिथियों ने मेडल उठाकर विजेताओं को पहनाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर यह तकनीकी प्रयोग किया गया, जिससे खेलों में नवाचार को बढ़ावा मिले। एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट्स में अब इसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। खेल निदेशक प्रशांत आर्या ने बताया कि हैमर थ्रो, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो जैसी प्रतियोगिताओं में भी रोबोटिक तकनीक अपनाई जाएगी ताकि मानव संसाधन पर निर्भरता कम हो। इस पहल के पीछे उत्तराखंड पुलिस की ड्रोन टीम और डीटाउन रोबोटिक्स का योगदान रहा। पुलिस की ड्रोन टीम ने डेढ़ महीने तक इस प्रोजेक्ट पर काम किया है।

खेल स्वास्थ्य सुविधा

प्रदेश में चले रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवा टीम का गठन किया है, जिसमें सिर्फ देहरादून में ही 32 अनुभवी डॉक्टरों सहित नर्सें और अन्य चिकित्साकर्मी शामिल हैं। किसी भी खिलाड़ी को चोट या बीमारी की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, खेलों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए एक मोबाइल हेल्थ यूनिट की व्यवस्था भी की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में खिलाड़ियों को तुरंत चिकित्सा सुविधा दी जा सके। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की इस पहल ने खिलाड़ियों को न केवल सुरक्षित माहौल प्रदान किया है, बल्कि उन्हें अपने खेल पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने में भी मदद की है।

खेल मंत्री बैठक

38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को भी यादगार बनाने की तैयारी कर ली गई है। इस संबंध में खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में खेल सचिवालय में आयोजित उच्च अधिकारियों की बैठक में जरूरी निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि खेलों के पूरे आयोजन के दौरान आम जनता ने सक्रियता से भागीदारी निभाई है और समापन समारोह में भी आमजन को शामिल किया जाएगा। इसके लिए हल्द्वानी के गौलापार स्टेडियम में 15 हजार से ज्यादा लोगों की बैठने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि खेलों के समापन अवसर पर मानसखंड और गेम्स रीकैप को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समापन समारोह में देश के सभी टीमों के एथलीट और रिकॉर्ड होल्डर को सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्री ने कहा कि समापन समारोह में भी भारी भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए अधिकारियों को भीड प्रबंधन के विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं।

<u>मुख्यमंत्री दौरा</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज दौरे पर रहेंगे। उनका शाम चार बजे प्रयागराज में उत्तराखण्ड मण्डपम भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जहां वे भजन संध्या, ज्ञान महाकुम्भ समेत कई आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

<u>कड़े निर्देश</u>

देहरादून में नशे की तस्करी और नकली दवाओं के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। अब इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों पर बिना जांच के तुरंत मुकदमा दर्ज किया जाएगा और दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। ऋषिपर्णा सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी मेडिकल स्टोर्स और फार्मा कंपनियों की कड़ी निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि मिलावटी दवा और नशे के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर तत्काल कार्रवाई होगी। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शराब और तंबाकू उत्पाद बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, और इसे सुनिश्चित करने के लिए सभी दुकानों और बार में सीसीटीवी लगाने के आदेश दिए गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर को मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच करने और सभी दुकानों पर निगरानी बढ़ाने को भी कहा गया है। स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए हर स्कूल में एंटी–ड्रग्स कमेटी बनाई जाएगी, जिसमें शिक्षकों के साथ छात्रों को भी शामिल किया जाएगा।

<u>परीक्षा पे चर्चा</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल स्कूली छात्रों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिये बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का आठवां संस्करण इस बार नए प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें आठ एपिसोड होंगे। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप के तहत विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियां छात्रों से बातचीत करेंगी और अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगी। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे बातचीत करने के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से 36 छात्रों का चयन किया गया है। कार्यक्रम का दूरदर्शन, स्वयं, स्वयंप्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल तथा शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा एक संवादात्मक कार्यक्रम है, जिसमें भारत और विदेशों के छात्र, अभिभावक और शिक्षक प्रधानमंत्री से चर्चा करते हैं और परीक्षाओं से उपजे तनाव को दूर कर जीवन को उत्सव के रूप में मनाते हैं।

<u>लोकार्पण</u>

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल पौड़ी जिले के यमकेश्वर विकासखंड में राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगर के नवनिर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यो का लोकार्पण किया। योगी आदित्यनाथ ने अपने प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने की यादें साझा करते हुए कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस ये विद्यालय शिक्षा में नए बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने सरकारी और निजी भागीदारी को शिक्षा के विकास में अहम बताया। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए प्रदेश में वर्चुअल क्लासरूम, आधुनिक लैब और अन्य संसाधनों की उपलब्धता का उल्लेख किया। उन्होंने योगी आदित्यनाथ से गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तारित करने का आग्रह किया।

<u>मौसम/बर्फबारी</u>

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में आज मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के तीन हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। विभाग के अनुसार ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का यह दौर अगले तीन दिनों तक जारी रह सकता है।

<u>भूकंप</u>

उत्तरकाशी जिले में देर रात फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। आपदा परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के भूकम्प देर रात एक बजकर 40 मिनट पर आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता तीव्रता दो दशमलव पांच मापी गई, जबकि इसकी गहराई पांच किलोमीटर रही। भूकम्प का केंद्र बिंदु बाडाहाट रेंज मान्डो जसपुर के जंगलों में रहा। जिला प्रशासन के अनुसार जिले मुख्यालय व मनेरी क्षेत्र में भूकम्प के हल्का झटके महसूस किये गये व अन्य तहसील क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस नही हुये हैं। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। इस ख़बर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– उत्तराखंड ने 6 स्वर्ण समेत 12 पदक और जीते, खबर के मुताबिक– कुल 14 स्वर्ण पदकों के साथ उत्तराखंड छठें पायदान पर पहुंच गया है।

उत्तराखंड के पांच शहरों तक अब हेली सेवाएं शुरू होंगी... अमर उजाला लिखता है– पांच नए मार्गों पर उड़ान योजना के तहत हेली सेवाओं को मिली मंजूरी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि सहित कई विभागों के चयनित 609 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र– हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने सीएम धामी के हवाले से लिखा है – किसानों की आर्थिकी सुधारने में मदद करेंगे अधिकारी।

उत्तराखंड में भी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न देखने को मिला। इसपर अमर उजाला की ख़बर है– मुख्यमंत्री धामी ने दिल्ली में 23 प्रत्याशियों के लिए किया प्रचार, जीते 18 उम्मीदवार।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महाकुंभ में शामिल होने आज प्रयागराज जाएंगे। दैनिक जागरण के अनुसार मुख्यमंत्री प्रयागराज में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।